# प्रशिक्षण प्रखण्ड, कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत आईटीआई (NCVET) हेतु प्रवेश सूचना

उत्तराखण्ड के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रमाण पत्रों हेतु **प्रवेश सत्र 2025-26** के लिये प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा निर्धारित व्यावसायवार अर्हता धारक अभ्यर्थियों से शैक्षिक अर्हता की मैरिट के आधार पर प्रवेश किये जाने के लिये ऑनलाईन काउंसलिंग के द्वितीय चरण हेतु अभ्यर्थियों के लिये **पोर्टल दिनांक 14.08.2025 से 17.08.2025** तक निम्न बिन्दुओं के अनुरूप पुनः खोला जा रहा है :-

1. काउंसलिंग के द्वितीय चरण में ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में किसी कारणवश आवेदन नहीं किया गया था, भी नवीन अभ्यर्थी के रूप में आवेदन कर सकेंगे।
2. इसके अतिरिक्त पूर्व में आवेदित अभ्यर्थी जिन्हें संस्थान/व्यवसाय का आवंटन न हुआ हो अथवा अभ्यर्थी द्वारा आवंटित संस्थान में प्रवेश न लिया गया हो, को भी निशुल्क पात्र माना जायेगा।
3. ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रथम काउंसलिंग के उपरान्त उनकी पहली वरीयता आवंटित हुई हो एवं तत्क्रम में उनके द्वारा प्रवेश ले लिया गया हो, इस चरण हेतु पात्र नहीं होंगे।
4. ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में किये गये आवेदन में त्रुटिवश गलत प्रविष्टियां यथा प्राप्तांक/पूर्णांक/श्रेणी/उपश्रेणी/जन्मतिथि/ई0मेल आईडी/मोबाइल नम्बर आदि अंकित की गई थी एवं संस्थान आवंटन होने के उपरान्त भी संस्थान स्तर पर सम्बन्धित का प्रवेश अभिलेखों के सत्यापन के समय निरस्त कर दिया गया था, भी अपने आवेदन में निशुल्क संशोधन कर सकेंगे।
5. द्वितीय चरण काउंसलिंग में नवीन आवेदन मात्र ऑनलाइन माध्यम से ही लिये जायेंगे। ऑफलाइन माध्यम से किसी भी स्थिति में आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन परिषद् की **वैबसाइट www.vpputtarakhand.in** अथवा विभाग के **वैबसाइट www.dsde.uk.gov.in** पर जाकर **"आईटीआई (NCVET) सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन करें।"** बटन पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन अथवा संशोधन कर सकते हैं।
6. प्रवेश ले चुके अभ्यर्थियों को द्वितीय काउंसलिंग में सीट अलॉटमेंट होने के उपरान्त पूर्व में आवंटित सीट को रिक्त कराये जाने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जायेगा।
7. द्वितीय काउंसलिंग में अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदन के आधार पर वर्गवार राज्य स्तरीय मेरिट सूची के अनुरूप संस्थानवार/व्यवसायवार पोर्टल द्वारा सीटों का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी समय सारणी निम्नवत है :-

| क्र.स. | समय सारणी का विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | नये ऑनलाइन आवेदन भरे जाने/पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों को उनके आवेदन में संशोधन एवं विकल्प भरे जाने हेतु पोर्टल खोला जाना। | दिनांक 14.08.2025 से 17.08.2025 तक |
| 2 | द्वितीय ऑनलाइन काउंसलिंग की मेरिट सूची एवं तत्क्रम में संस्थान/व्यवसाय आवंटन जारी किये जाने की तिथि | दिनांक 20.08.2025 |
| 3 | आवंटित संस्थान में अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश लिये जाने की तिथि | दिनांक 21.08.2025 से 23.08.2025 तक |

**निदेशक**